3. Rehabilitating assets - rolling stock and track.

4. Introducing high horsepower and fuel efficient locomotives.

5. Gradually replacing the old vaccum braked wagons by modern air-braked wagons of high capacity.

6. Introducing self discharge wagons of BOBR type for coal movement.

7. Improving the signalling system-

**मनमाड और दौंड के बीच रेलवे स्टेशनों पर मूल सुविधाओं की कमी**

**5566. श्री गोविन्दराव आदिक :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मनमाड और दौंड के बीच कई रेलवे स्टेशनों पर पूर्णकालीन टिकट काउंटर, पीने का पानी, शेड और यात्रियों के लिए अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस रेलवे लाइन के सभी स्टेशनों पर उपरोक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

**रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफ़र शरीफ़) :** (क) और (ख) मनमाड तथा दौंड खंड पर, अहमदनगर तथा बेलापुर स्टेशनों पर पूर्णकालिक टिकट काउंटर हैं । अन्य स्टेशनों पर, सम्हाले जा रहे यात्री यातायात की मात्रा की दृष्टि से पूर्णकालिक बुकिंग काउंटरों की व्यवस्था करने का औचित्य नहीं बनता ।

सभी स्टेशनों पर मूलभूत यात्री सुविधाओं से संबंधित कमियों को हाल ही में दूर कर दिया गया है । दौंड-मनमाड खंड के सभी स्टेशनों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है । जहां तक प्लेटफार्म सायबानों का संबंध है यह अहमदनगर, विलाड़ बेलापुर तथा कोपरगांव स्टेशनों पर ये पहले ही उपलब्ध हैं । अन्य रेलवे स्टेशनों पर सायबानों में वृद्धि तथा व्यवस्था करने पर भी विचार किया जाएगा यदि यातायात की मात्रा में वृद्धि होने पर ऐसा करना आवश्यक होगा बशर्ते कि धन उपलब्ध हो तथा विभिन्न स्टेशनों की सापेक्ष प्राथमिकताएं हों ।

**मुम्बई-दौंड मनमाड यात्री रेलगाड़ी का रद्द किया जाना**

**5567. श्री गोविन्दराव आदिक :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुम्बई-दौंड मनमाड यात्री रेलगाड़ी पिछले कुछ वर्षों से रद्द कर दी गयी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि मानमाड-दौंड और मानमाड के बीच के शहरों से मुम्बई के लिए कोई सीधी रेलगाड़ी उपलब्ध नहीं है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इस क्षेत्र की जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए मुम्बई और अहमदनगर के बीच कोई नई रेलगाड़ी शुरू करने के बारे में सोच रही है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफ़र शरीफ़) :** (क) जी नहीं । बहरहाल 1321/1322 बम्बई-पुणे-दौंड-मानमाड पसेंजर गाड़ी 1-5-88 से केवल बम्बई-पुणे खंड पर बन्द की गई है ।

(ख) जी हां । बहरहाल, अहमदनगर मानमाड के रास्ते दौंड और मुम्बई के बीच एक थ्रू कोच उपलब्ध है ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) परिचालनिक कठिनाइयां और संसाधनों की तंगी के कारण ।

**Doubling of Kuppam-Whitefield rail line**

5568. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) in which, year the doubling of Kuppam-Whitefield rail line was sanctioned;

(b) what is the total expenditure incurred on the project upto the 31st March, 1995 and the reasons for slow progress of the works;

(c) what is the anticipated period in which the project is likely to be completed; and

(d) whether the budgetary alloca tion of Rs- 50 crores in 1994-95 Budget had been spent during 1994-95; if not, the reason therefor?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a ) 1992-93.

(b) Rs- 8.72 crores. The progress is as per scheduled laid down keeping in view the availability of resources-

(c) During the 9th Plan period.

(d) The allocation was Rs. 5 crores in 1994-95 which has been utilised.

**राजधानी/शताब्दी एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का चलना**

5569. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में इस समय कितनी राजधानी एक्सप्रेस गाड़ियां और शताब्दी एक्सप्रेस रेलगाड़ियां चल रही हैं ; और

(ख) विभिन्न मार्गों पर चलने वाली राजधानी और शताब्दी एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के माध्यम से पिछले तीन महीनों के दौरान हुई आय का ब्यौरा क्या है ?

**रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफ़र शरीफ़) :** (क) नौ-नौ जोड़ी राजधानी और शताब्दी एक्सप्रेस गाड़ियां ।

(ख) जनवरी से मार्च 1995 तक की अवधि के दौरान राजधानी और शताब्दी एक्सप्रेस गाड़ियों से लगभग 65 करोड़ रुपये की आमदनी हुई थी ।

**रेलवे भर्ती बोर्ड, मद्रास द्वारा अभ्यार्थियों का चयन किया जाना**

5570. **श्री एस० माधवन :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उच्चतम न्यायालय ने रेल प्राधिकारियों को रेलवे भर्ती बोर्ड, मद्रास द्वारा 1987 में आयोजित लिखित परीक्षा के माध्यम से 1988 में चयन किये गये अभ्यार्थियों को नियुक्त करने का निदेश दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो न्यायालय द्वारा पारित विभिन्न आदेशों के बावजूद इन नियुक्तियों में विलम्ब होने के क्या कारण हैं ?

**रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफ़र शरीफ़) :** (क) जी हां ।

(ख) रेलों द्वारा नियुक्तियां माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 4-4-95 के आदेशों के अनुसार दी जा रही हैं ।

**Recruitment of Matron in Divisional Railway Hospital, Danapur**

5571. DR. RANBIR SINGH:
SHRI RAM NATH KOVTND:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

*(a.)* whether it is a fact that a written examination was conducted